कार्यालय नगर पालिक निगम रायगढ़ (छ.ग.)

प्रेस विज्ञप्ति

समाधान शिविर में मिले 303 आवेदन

0 वार्ड कमांक 9 से 13 व 20 तक निवासियों के आवेदनों का हुआ निराकरण

रायगढ़ः—

लोक सुराज अभियान का तीसरा समाधान शिविर राजामहल होमगार्ड स्थिति मैदान में बुधवार को शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान 303 नए आवेदन प्राप्त हुए, जबकि पूर्व के 533 में से 330 आवेदनों का निराकरण किया गया।

शिविर का शुभारंभ सुबह 9 बजे हुआ, जो दोपहर 1.30 तक चला। सुबह से ही समाधान शिविर में वार्ड वासियों की भीड़ लगी रही। इस दौरान विभिन्न वार्ड के पार्षद व जनप्रतिनिधी भी उपस्थित थे। उन्होंने ने भी आवेदकों की मांग व शिकायत की जानकारी लेकर संबंधित विभाग के स्टाल में निराकरण कराई। पूर्व में आयोजित शिविर में वार्ड कमांक 9 से 13 व 20 में 533 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें 330 आवेदनों का निराकरण किया गया। शेष आवेदनों पर निराकरण की प्रक्रिया

चल रही है। शिविर के दौरान आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय सीधे आवेदकों से रूबरू हुए। इस दौरान वार्ड वासियों के आवेदनों की स्थिति से लेकर उनके आवेदनों पर किस प्रकार कार्रवाई की गई। इसकी जानकारी आयुक्त श्री पाण्डेय ने दी। इस दौरान जनप्रतिनिधियों के जिज्ञासाओं को भी आयुक्त श्री पाण्डेय ने शांत किया। समाधान शिविर पर आने–वाले हर एक आवेदकों को उनके आवेदन व निराकरण की स्थिति से अवगत कराया गया। शिविर के दौरान शासन द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी दी। अधिकांश आवेदन उज्जवल योजना के तहत गैस लेने, राशन कार्ड व पट्टा की मांग के थे, जिसपर संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर त्वरित निराकरण करने की बात कही गई। शिविर में विभागों के अलग–अलग मांग व शिकायत की स्थिति भी अनलाइन देखने व निराकरण करने की व्ययवस्था भी की गई थी। इस दौरान संबंधित वार्ड के पार्षद, ईई श्री आरके भोजसिया, विधि अधिकारी श्री सुतीक्षण यादव, सहायक नोडल अधिकारी लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, कार्यालय अधीक्षक श्री आरएन पटेल स्थापना प्रभारी श्री अनिल वाजपेयी सहित बड़ी संख्या में निगम व प्रमुख विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

——————————————

यह है आवेदनों की स्थिति

वार्ड 9 से 13 व 20 तक में कुल 533 आवेदन प्राप्त हुए थे। इसमें 303 आवेदनों का निराकरण किया गया। शेष आवेदनों को निराकरण प्रकियाधीन है। इनमें निगम के अंतर्गत पीडब्ल्यूडी के 259 आवेदन, जल विभाग 21, आवास योजना 45, स्वास्थ्य विभाग निगम 21, राजस्व 7, विद्युत 3, एनयूएलएम 8, समाज कल्याण के 3, अतिक्रमण 8 आवेदन का प्राप्त हुए थे। इसी तरह मुख्य विभाग श्रम विभाग 18 , खाद्य विभाग के अंतर्गत उज्जवला योजना 24, राशन कार्ड 54, नजूल के 30, महिला एवं बाल विकास के 5, सीएसपीडीसीएल के 10, जिला स्वास्थ्य के 14 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से कुल 303 आवेदनों का निराकरण किया गया।

——————————

286 मांग के नए आवेदन

शिविर में निगम अंतर्गत विभिन्न वार्डों के 286 मांग के नए आवेदन प्राप्त हुए। 17 लोगों ने शिकायत के अंतर्गत आवेदन किया। इसतरह कुल 303 नए आवेदन प्राप्त हुए, जिसके निराकरण की कार्रवाई करने संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है।